Roll No. | |

Total Printed Pages : **8** Total Questions : **23**

Time : **3** Hours Maximum Marks : **80**

हायर सेकेण्डरी परीक्षा / Higher Secondary Examination

(मुख्य / Main) वर्ष / Year - 2026

264236

राजनीतिशास्त्र

POLITICAL SCIENCE

(Hindi & English Versions)

B

SET / सेट

निर्देश :

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक **1** से **5** में **32** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न **01** अंक का है। (कुल **32×1=32** अंक)

(iii) प्रश्न क्रमांक **6** से **23** तक प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प दिये गए हैं।

(iv) प्रश्न क्रमांक **6** से **15** तक प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है। शब्द सीमा लगभग **30** शब्द है।

(v) प्रश्न क्रमांक **16** से **19** तक प्रत्येक प्रश्न **3** अंक का है। शब्द सीमा लगभग **75** शब्द है।

(vi) प्रश्न क्रमांक **20** से **23** तक प्रत्येक प्रश्न **4** अंक का है। शब्द सीमा लगभग **120** शब्द है।

Instructions :

(i) All questions are **compulsory.**

(ii) Question No. **1** to **5** have **32** objective type questions. Each objective question is allotted **1** mark. (Total **32×1=32** marks)

(iii) Internal options are given in each Question No. **6** to **23**.

(iv) Question No. **6** to **15** carry **2** marks each and answer should be given in about **30** words.

(v) Question No. **16** to **19** carry **3** marks each and answer should be given in about **75** words.

(vi) Question No. **20** to **23** carry **4** marks each and answer should be given in about **120** words.

1 सत्य/असत्य लिखिए : **1×6=6**

(अ) अंतर्राष्ट्रीय आण्विक ऊर्जा एजेंसी (IAEA) की स्थापना 1957 में हुई।

(ब) भारत ने अगस्त 2005 में क्योटो प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किये।

(स) स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री नेहरूजी ने संविधान सभा के एक विशेष सत्र को संबोधित किया था, उनका यह प्रसिद्ध भाषण ''भाग्यवधु से चिर-प्रतीक्षित भेंट'' के नाम से जाना गया।

(द) 1952 का भारत का आम-चुनाव पूरी दुनिया में लोकतंत्र के इतिहास के लिए मील का पत्थर साबित हुआ।

(इ) कांग्रेस के भीतर ताकतवर और प्रभावशाली नेताओं का एक समूह सिंडिकेट है।

(फ) 1966 में छत्तीसगढ़, उत्तराखण्ड और झारखण्ड का गठन हुआ।

In case of discrepancy between the English and Hindi versions of any question, the Hindi version will be treated as final.

MPBoardHub

Write True / False:

(A) The International Atomic Energy Agency (IAEA) was established in 1957.

(B) India signed and ratified the Kyoto Protocol in August 2005.

(C) Nehruji the First Prime Minister of free India, addressed a special Session of Constituent Assembly this was the famous "tryst with destiny" speech that you are familiar with.

(D) India's general election of 1952 became a land-mark in the history of democracy all over the world.

(E) Syndicate is a group of powerful and influential leaders within the Congress.

(F) The states of Chhattisgarh, Uttarakhand and Jharkhand were created in 1966.

2 सही जोड़ियां बनाइए : **1×7=7**

स्तम्भ ''अ''		**स्तम्भ ''ब''**
(अ)	दक्षिण पूर्व एशिया के धान की बालियां	(i) अपरोध
(ब)	सुरक्षा नीति का संबंध युद्ध की आशंका को रोकने में होता है।	(ii) राममनोहर लोहिया
(स)	सम्पूर्ण विश्व की विरासत	(iii) रोज़ा
(द)	समाजवादी नेता	(iv) सिक्किम
(इ)	मणिरत्नम	(v) एकता का प्रतीक
(फ)	सात राज्यों का ''भाई''	(vi) बिन्देश्वरी प्रसाद मंडल
(ग)	''मंडल कमीशन''	(vii) ''मेक डोनाल्डीकरण''

Match the correct pairs:

Column "A"		**Column "B"**
(A)	Southeast Asian countries stalks of paddy (rice)	(i) Deterrence
(B)	Security policy is concerned with preventing war	(ii) Ram Manohar Lohia
(C)	The heritage of the entire globe	(iii) Roja
(D)	Socialist Leader	(iv) Sikkim
(E)	Maniratnam	(v) Symbolises the unity
(F)	"Brother" to those seven states	(vi) Bindeshwari Prasad Mandal
(G)	"Mandal Commission"	(vii) "Mc Donaldisation"

3 एक शब्द/एक वाक्य में उत्तर दीजिए : **1×7=7**

(अ) आसियान समुदाय के तीन स्तंभों के नाम लिखिए।

(ब) 1972 में ''लिमिट्स टू ग्रोथ'' पुस्तक किसके द्वारा प्रकाशित की गई?

(स) अर्थशास्त्रियों ने आर्थिक वैश्वीकरण को विश्व का क्या कहा है?

(द) देश के विभाजन से प्रभावित दो राज्यों के नाम बताइए।

(इ) कोई निर्वाचित जन प्रतिनिधि जिस पार्टी के टिकट से जीता हो, उस पार्टी को छोड़कर अगर दूसरे दल में चला जाये, तो उसे क्या कहते हैं?

In case of discrepancy between the English and Hindi versions of any question, the Hindi version will be treated as final.

MPBoardHub

(फ) आदिवासी पहचान के आधार पर अलगाववादी मांग किन राज्यों द्वारा की गई।

(ग) 1978 में गठित सरकारी कर्मचारियों के ट्रेड यूनियन का नाम लिखिए।

Write the answer in one word / one sentence:

(A) Write the names of ASEAN Community comprising three pillars.

(B) Who published a book in 1972 entitled "Limits to Growth"?

(C) What have economists described globalization as the world.

(D) Name two states that were affected by the partition of the country.

(E) An elected representative leaving the party on which party's ticket he has been elected and joining another party, what does it say?

(F) Which states secessionist demands on account of tribal identity.

(G) Write the name of trade union of Government employees in 1978.

4 सही विकल्प चुनकर लिखिए : **1×6=6**

(अ) **1917 की रूसी क्रांति के नायक :**

(i) ब्लादिमीर लेनिन (ii) बोरिस येल्तसिन

(iii) जोसेफ स्टालिन (iv) गोर्बाचेव

(ब) **संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रतीक चिह्न में जैतून की शाखाएं संकेत करती हैं:**

(i) सैन्य समिति (ii) विश्व शांति

(iii) व्यापार एवं विकास (iv) शोध और प्रशिक्षण

(स) **ब्राजील के रियो डि जेनेरो में हुए पृथ्वी सम्मेलन में कितने देशों ने भाग लिया ?**

(i) 190 (ii) 180

(iii) 170 (iv) 160

(द) **''वर्ल्ड सोशल फोरम'' की पहली बैठक हुई:**

(i) 2001 (ii) 2004

(iii) 2023 (iv) 2024

(इ) **भारत ने किस संधि पर हस्ताक्षर करने से इंकार किया?**

(i) परमाणु अप्रसार संधि (ii) परमाणु विस्फोट संधि

(iii) व्यापक परमाणु परीक्षण संधि (iv) परमाणु शक्ति एकाधिकार संधि

(फ) **''इंदिरा इज़ इंडिया'', ''इंडिया इज़ इंदिरा'' का नारा दिया :**

(i) डी.के. बरूआ (ii) जयप्रकाश नारायण

(iii) इंदिरा गांधी (iv) मोरारजी देसाई

Choose and write the correct option:

(A) **Leader of the Russian Revolution of 1917 :**

(i) Vladimir Lenin (ii) Boris Yeltsin

(iii) Joseph Stalin (iv) Gorbachev

(B) **The United Nations' logo, with Olive branches around it :**

(i) Military Staff (ii) World Peace

(iii) Trade and Development (iv) Research and Training

(C) **How many states participated in Rio de Jeneiro, Brazil in Earth Summit?**

In case of discrepancy between the English and Hindi versions of any question, the Hindi version will be treated as final.

MPBoardHub

(i) 190 (ii) 180

(iii) 170 (iv) 160

(D) **First Meeting of "World Social Forum" was held in :**

(i) 2001 (ii) 2004

(iii) 2023 (iv) 2024

(E) **Which treaty India refused to sign?**

(i) Nuclear Non-Proliferation Treaty

(ii) Nuclear Explosion Treaty

(iii) Comprehensive Test Ban Treaty

(iv) Nuclear Powers Monopoly Treaty

(F) **A slogan "Indira is India", "India is Indira" given by –**

(i) D.K. Barooah (ii) Jaiprakash Narayan

(iii) Indira Gandhi (iv) Morarji Desai

5 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 1×6=6

(अ) 1967 में पाँच देशों ने बैंकाक घोषणा पर हस्ताक्षर करके _____ की स्थापना की।

(ब) _____ संगठन वैश्विक स्तर पर कार्यरत वित्त संस्थाओं की देखरेख करता है।

(स) _____ का प्रबंधन साझे तौर पर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय द्वारा किया जाता है।

(द) वैश्वीकरण की शुरूआत _____ में हुई।

(इ) शांतिपूर्ण सहअस्तित्व के पाँच सिद्धांतों की घोषणा _____ में की गई।

(फ) पेरियार के नाम से प्रसिद्ध कांग्रेस कार्यकर्ता _____ थे।

Fill in the blanks :

(A) _____ was established in 1967 by Five Countries by signing the Bangkok Declaration.

(B) _____ Organization that oversees those financial institutions and that act at the international level.

(C) _____ therefore require common governance by the International Community.

(D) Globalization began in _____.

(E) The five principles of peaceful coexistence was announced on _____.

(F) Known as Periyar name a worker of the Congress Party was _____.

6 बिहार का छात्र आंदोलन क्या था? **2**

What was the movement of Bihar students?

अथवा / OR

1974 की रेल हड़ताल के कारण लिखिए।

Write the reasons for Railway strike in 1974.

7 लोकतंत्र में विविधताओं के बीच एकता कायम करने के लिहाज से क्या शिक्षा मिलती है? **2**

What are the lessons here for achieving unity with diversity in a democracy?

अथवा / OR

अलगाववादी आंदोलन क्या था?

What was secessionist movement?

In case of discrepancy between the English and Hindi versions of any question, the Hindi version will be treated as final.

MPBoardHub

8 गठबंधन की राजनीति के उदय का हमारे लोकतंत्र पर क्या असर पड़ा है? **2**

What are the implications of the rise of coalition for our democracy?

अथवा / OR

मंडलीकरण क्या है?

What is Mandalization all about?

9 ''समाजवादी खेमे के देश'' या ''दूसरी दुनिया'' किसे कहा जाता है? **2**

What is called a 'Socialist Country' or 'Second World'?

अथवा / OR

बहुध्रुवीय विश्व से क्या आशय है?

What do we mean by a Multipolar World?

10 दक्षिण एशिया क्या है? दक्षिण एशिया में कितने देश शामिल हैं? **2**

What is South Asia? How many countries are included in South Asia?

अथवा / OR

दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र समझौता क्या है?

What is South Asian Free Trade Regional Agreement?

11 अमेरिका और सोवियत संघ ने अस्त्र नियंत्रण की कई संधियों पर हस्ताक्षर किये। कोई दो संधियों के नाम लिखिए। **2**

The US and Soviet Union signed a number of other arms control treaties. Write any two names of treaties.

अथवा / OR

सुरक्षा क्या है? सुरक्षा से जुड़े केंद्रीय मूल्य लिखिए।

What is Security? Write the core values of security.

12 सहयोग मूलक सुरक्षा क्या है? **2**

What is cooperative security?

अथवा / OR

''शक्ति संतुलन'' क्या है? कोई देश इसे कैसे कायम करता है?

What is "Balance of Power"? How could a state achieve this?

13 वैश्विक राजनीति में पर्यावरण की चिंता क्यों? **2**

Why there is Environmental concerns in global polities?

अथवा / OR

''साझी परंतु अलग-अलग जिम्मेदारियों'' का सिद्धांत क्या है?

What is principal of "Common but differentiated responsibilities"?

14 ''एक देश'', ''एक संस्कृति'', ''एक राष्ट्र'' और ''अखंड भारत'' के विचार का अर्थ स्पष्ट कीजिए। **2**

What is meant by the idea of "One Country", "One Culture", "One Nation" and "Akhand Bharat"?

अथवा / OR

सार्वभौमिक मताधिकार ''लोकतंत्र के इतिहास के लिए मील का पत्थर साबित हुआ'', कैसे?

Why was Universal Adult Franchise "A landmark in the history of democracy"?

15 कारगिल संघर्ष पर टिप्पणी लिखिए। **2**

Write comments on Kargil confrontation.

In case of discrepancy between the English and Hindi versions of any question, the Hindi version will be treated as final.

MPBoardHub

अथवा / OR

भारत की परमाणु नीति पर टिप्पणी लिखिए।

Write comments on India's Nuclear Policy.

16 केरल में विकास और नियोजन के मॉडल को समझाइए। **3**

Explain the development and planning modal in Kerala.

अथवा / OR

निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखिए:

(i) पोस्को प्लांट (ii) प्रथम पंचवर्षीय योजना (iii) बाम्बे प्लान

Write the notes on the following :

(i) POSCO Plant (ii) First five year plan (iii) Bombay Plan

17 ''अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा'' देने वाले सिद्धांतों की व्याख्या कीजिए। **3**

Explain the principles of "Promotion of international peace and security".

अथवा / OR

विश्व राजनीति के बदलते समीकरणों को समझाइए।

Explain the shifting alliances in world politics.

18 आसियान तेजी से बढ़ता हुआ एक महत्त्वपूर्ण क्षेत्रीय संगठन है। तीन बिंदुओं में समझाइए। **3**

Describe any three points ASEAN is rapidly growing into a very important regional organization.

अथवा / OR

शीत युद्ध की समाप्ति के बाद भारत चीन संबंधों में आये महत्त्वपूर्ण बदलावों की विवेचना कीजिए।

Discuss the end of cold war, there have been significant changes in India China relations.

19 बांग्लादेश में लोकतंत्र कैसे स्थापित हुआ? विस्तारपूर्वक समझाइए। **3**

How democracy was established in Bangladesh? Explain in detail.

अथवा / OR

भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे संघर्षों को विस्तार से समझाइए।

Explain in detail India-Pakistan conflicts.

20 मणिपुर एवं हैदराबाद के भारत में विलय को समझाइए। **4**

Explain the mergers of Manipur and Hyderabad with India.

अथवा / OR

राज्यों के पुनर्गठन की आवश्यकता क्यों महसूस हुई? कोई चार कारण समझाइए।

Why is there a need for reorganization of states? Explain any four reasons.

21 आपातकाल क्या है? आपातकाल के सबक निम्न बिंदुओं पर लिखिए : **4**

(i) नागरिक अधिकारों की दशा और नागरिकों पर इसका असर

(ii) कार्यपालिका और न्यायपालिका के संबंध

(iii) जनसंचार माध्यमों के कामकाज

(iv) पुलिस और नौकरशाही की कार्यवाहियां

What is Emergency? Write the effects of Emergency on the following points :

(i) Effects on civil liberties for citizens

(ii) Impact on relationship between the Executive and Judiciary

In case of discrepancy between the English and Hindi versions of any question, the Hindi version will be treated as final.

MPBoardHub

(iii) Functioning of mass media

(iv) Workings of the Police and Bureaucracy

अथवा / OR

1975 में राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा करते हुए सरकार ने इसके क्या कारण बताए थे? कोई चार कारण बताइए।

What reasons did the Government give for declaring a National Emergency in 1975? Explain any four reasons.

22 शीत युद्ध के समय भारत और सोवियत संघ के संबंधों की व्याख्या कीजिए। **4**

Explain during cold war era, India and Soviet Union enjoyed a special relationship.

अथवा / OR

सोवियत संघ का विघटन क्यों हुआ? सोवियत संघ के विघटन की मुख्य परिणितियां लिखिए।

Why did the Soviet Union disintegrate? What were the major consequences of the disintegration of the Soviet Union?

23 संयुक्त राष्ट्रसंघ की निम्न एजेंसियों पर टिप्पणी लिखिए : **4**

(i) विश्व व्यापार संगठन

(ii) संयुक्त राष्ट्रसंघ मानवाधिकार आयोग

(iii) यूनिसेफ

(iv) संयुक्त राष्ट्रसंघ विकास कार्यक्रम

Write notes on the following The Agencies of UN (United Nations)

(i) World Trade Organization (WTO)

(ii) United Nations Human Rights Commission

(iii) United Nations Children's Fund.

(iv) United Nations Development Programme.

अथवा / OR

शीत युद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ में आये सुधारों की विस्तृत व्याख्या कीजिए।

Describe in detail the reforms of the United Nations after the Cold War.

———————

In case of discrepancy between the English and Hindi versions of any question, the Hindi version will be treated as final.